महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

ज्ञान शान्ति मैत्री

दिनांक : 26.01.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

## हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र में 73वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

---

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में 73वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज की कार्यकारी प्रभारी डॉ. आशा मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत जब आजाद हुआ तब अपना कोई सम्प्रभु संविधान नहीं था। गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। डॉ. आशा मिश्रा ने देश के महान नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, अशफ़ाक उल्लाह खां, लाला लाजपत राय, सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं दुर्गा भाभी का भी स्मरण किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कोविड महामारी ने जिस तरह पूरे दुनिया को प्रभावित किया उसके बावजूद भी भारत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

इस राष्ट्रीय पर्व पर क्षेत्रीय केंद्र के सहायक कुलसचिव विनोद र. वैद्य, डॉ. अख़्तर आलम, डॉ. हरप्रीत कौर, डॉ. विजया सिंह, डॉ. सत्यवीर, डॉ. विजय सिंह, डॉ. ऋचा द्विवेदी, डॉ शिखा शुक्ला, जोगदंड शिवाजी, शंभूदत्त सती, जयेंद्र जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, सुभाष श्रीवास्तव, रश्मि सिंह, प्रत्यूष शुक्ल, देवमूर्ति द्विवेदी सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनूप कुमार ने किया। यह गणतंत्र दिवस समारोह वैश्विक महामारी कोविड-19 के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बिरजू प्रसाद, जगजीवन प्रजापति, अभिषेक, रोहित एवं पीतांबर का सराहनीय योगदान रहा।

(विनोद र. वैद्य)
सहायक कुलसचिव

क्षेत्रीय केंद्र
भूखण्ड संख्या-6/I-3झूंसी योजना-3 प्रयागराज-211019, उ.प्र. भारत
फोन एवं फैक्स : 0532-2567442 ईमेल:mgahvalld@gmail.com वेबसाइट: hindivishwa.org










क्षेत्रीय केंद्र
भूखण्ड संख्या-6/I-3झूंसी योजना-3 प्रयागराज-211019, उ.प्र. भारत
फोन एवं फैक्स : 0532-2567442 ईमेल:mgahvalld@gmail.com वेबसाइट: hindivishwa.org